HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Revision Petition No. 1538/2026
CNR: RJHC020757372026 | URN: CRLR / 2780U / 2026

1. Liyakat S/o Shri Nazardeen, R/o Village Kota Khurd, Tehsil Ramgarh, District Alwar (Rajasthan).
2. Sube Kha S/o Shri Bhobla, Resident Of Mukundwas, Tehsil Ramgarh, District Alwar (Rajasthan).

----Accused/Petitioners

Versus

1. State Of Rajasthan, Through P.P

----Respondent

2. Bholi S/o Shri Sirdara, R/o Village Kota Khurd, Tehsil Ramgarh, Police Station Ramgarh, District Alwar (Rajasthan).

----Complainant/Respondent

Connected With

S.B. Criminal Revision Petition No. 1539/2026
CNR: RJHC020748202026 | URN: CRLR / 2781U / 2026

Jumrudeen Son Of Shri Kabira, Resident Of Kota Khurd, Police Station Ramgarh, District Alwar (Rajasthan).

----Accused/Petitioner

Versus

1. State Of Rajasthan, Through P.P

----Respondent

2. Bholi Son Of Shri Sirdara, Aged About 55 Years, Resident Of Village Kota Khurd, Tehsil And Police Station Ramgarh, District Alwar (Raj.).

----Complainant/Respondent

For Petitioner(s)	:	Mr. Kapil Gupta, Adv. Mr. Dharmendra Kumar, Adv. Mr. Tanay Choudhary, Adv. Mr. Chitransh Saxena, Adv. Mr. Aval Yadav, Adv. Mr. Abhimanyu Chundawat, Adv. Mr. Girish Khandelwal, Adv. Mr. Khezar Iqbal, Adv.
For Respondent(s)	:	Mr. Manvendra Singh, PP Mr. Manish Gupta, Adv.

HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR

Order

Digitally signed by
MOHIT KUMAR
Date: 2026.10.31
12:18:39 IST

29/10/2026

उक्त एकलपीठ आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं के माध्यम से याचीगण/अभियुक्तगण द्वारा विद्वान् न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम सं.–6, अलवर (राज.) द्वारा पारित आदेश दिनांक 20.07.2026 को चुनौती दी गई है, जिसके माध्यम से याचीगण/अभियुक्तगण के विरुद्ध संबंधित विचारण न्यायालय द्वारा धारा 319 दंड प्रक्रिया संहिता में प्रस्तुत शक्तियों का उपयोग करते हुए याचीगण/अभियुक्तगण को अन्य सहअभियुक्तगण के संबंध में लंबित धारा 302 भारतीय दंड संहिता के साथ विचारित करने के आदेश दिए गए हैं।

उपरोक्त संदर्भ में याचीगण/अभियुक्तगण के विद्वान् अधिवक्ता का कथन है कि संबंधित न्यायालय द्वारा मात्र साक्षीगण द्वारा उनके मुख्य परीक्षण के अंतर्गत दिए गए कथनों के आधार पर याचीगण/अभियुक्तगण को आहूत किया गया है। इस प्रकार संबंधित न्यायालय द्वारा अपनी विवेकाधिकार शक्तियों का सतर्कता से उपयोग नहीं किया गया है। उनका यह भी तर्क है कि अभियुक्तगण के संदर्भ में अनुसंधान अधिकारी का विशिष्टतः यह निष्कर्ष आया था कि उक्त अभियुक्तगण घटनास्थल पर उपस्थित नहीं थे और इस संदर्भ में उनकी मोबाइल टॉवर लोकेशन व कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर उपरोक्त विश्लेषण किया गया था। आक्षेपित आदेश पारित करते समय संबंधित न्यायालय ने उक्त तथ्यों को नहीं देखा है, न ही अपने आदेश में अंकित किया है।

उपरोक्त संदर्भ में विद्वान् अधिवक्ता याचीगण/अभियुक्तगण द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायिक दृष्टांत् Brijendra Singh & Ors v. State of Rajasthan 2017 (7) SCC 706 एवं Neelam Yadav v. State of U.P. & Anr. Special Leave Petition (Criminal) No. 5531/2026 आदेश दिनांकित 16.10.2026 का अवलंब लिया गया है।

विद्वान् अधिवक्ता याचीगण/अभियुक्तगण का कथन है कि आक्षेपित आदेश उपरोक्त न्यायिक दृष्टांतों के अनुरूप न होने से उक्त आदेश को अपास्त करते हुए मामले को पुनः संबंधित न्यायालय को नवीन सिरे से विचार हेतु भेजा जावे।

इसके विपरीत विद्वान् लोक अभियोजक एवं विद्वान् अधिवक्ता परिवादी का यह कथन है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ द्वारा Hardeep Singh v. State of Punjab 2014 (3) SCC 19 एवं Asim Akhtar v. The State of West Bengal & Anr. 2024 INSC 794 में यह स्पष्ट किया गया है कि संबंधित न्यायालय को विचारण के प्रक्रम पर अन्य अभियुक्तगण को धारा 319 दंड प्रक्रिया संहिता में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते समय उन्हें आहूत करने के लिए साक्षीगण के मुख्य परीक्षण में दिए गए कथन भी अपने आपमें पर्याप्त हैं और यह भी सुस्थापित विधि है कि न्यायालय, साक्षीगण के द्व ारा जो प्रतिपरीक्षण में कथन किए गए हैं, उन्हें सूक्ष्मता से इस दृष्टि से विवेचित नहीं कर सकता है कि उनकी अपराध में संबद्धता है या नहीं। अतः ऐसी स्थिति में संबंधित न्यायालय द्वारा जो आदेश पारित किया गया है, वह विधि अनुरूप है और उसमें हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Brijendra Singh & Ors v. State of Rajasthan 2017 (7) SCC 706 के पैरा 14 व 15 में निम्नलिखित मत प्रतिपादित किए गए हैंः—

> *"14. When we translate the aforesaid principles with their application to the facts of this case, we gather an impression that the trial court acted in a casual and cavalier manner in passing the summoning order against the appellants. The appellants were named in the FIR. Investigation was carried out by the police. On the basis of material collected during investigation, which has been referred to by us above, the IO found that these appellants were in Jaipur city when the*

incident took place in Kanaur, at a distance of 175 km. The complainant and others who supported the version in the FIR regarding alleged presence of the appellants at the place of incident had also made statements under Section 161 CrPC to the same effect. Notwithstanding the same, the police investigation revealed that the statements of these persons regarding the presence of the appellants at the place of occurrence was doubtful and did not inspire confidence, in view of the documentary and other evidence collected during the investigation, which depicted another story and clinchingly showed that the appellants' plea of alibi was correct.

15. This record was before the trial court. Notwithstanding the same, the trial court went by the depositions of the complainant and some other persons in their examination-in-chief, with no other material to support their so-called verbal/ocular version. Thus, the "evidence" recorded during trial was nothing more than the statements which were already there under Section 161 CrPC recorded at the time of investigation of the case. No doubt, the trial court would be competent to exercise its power even on the basis of such statements recorded before it in examination-in-chief. However, in a case like the present where a plethora of evidence was collected by the IO during investigation which suggested otherwise, the trial court was at least duty-bound to look into the same while forming prima facie opinion and to see as to whether much stronger evidence than mere possibility of their (i.e. appellants) complicity has come on record. There is no satisfaction of this nature. Even if we presume that the trial court was not apprised of the same at the time when it passed the order (as the appellants were not on the scene at that time), what is more troubling is that even when

this material on record was specifically brought to the notice of the High Court in the revision petition filed by the appellants, the High Court too blissfully ignored the said material. Except reproducing the discussion contained in the order of the trial court and expressing the agreement therewith, nothing more has been done. Such orders cannot stand judicial scrutiny."

इसी प्रकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Neelam Yadav v. State of U.P. & Anr. Special Leave Petition (Criminal) No. 5531/2026 आदेश दिनांकित 16.10.2026 में निम्नलिखित मत प्रतिपादित किया गया हैः—

"9. .....However, where the witness has been cross-examined, the trial court cannot shut its eye to the entire statement. Because evidence would not merely be the statement in chief of a witness but would include his statement recorded during crossexamination. No doubt, the trial court is not supposed to weigh the statement of a witness on the anvil of probabilities, or against the weight of other evidences, to consider whether it would be appropriate to try the additional accused along with one already facing trial. However, if the statement of a witness during cross-examination demolishes the edifice of his statement in chief, the trial court cannot overlook the statement in its entirety, when the decision to arraign additional accused rests entirely on his statement; though, after considering the statement in its entirety, it would be within the domain of the Trial Court whether to arraign the additional accused to face trial along with the one already facing trial.

10. As we find that neither the High Court nor the Trial Court has considered the deposition of the witnesses, particularly of PW1, in its entirety, and have overlooked the statement of PW-1 made during crossexamination, we are of the view that the order of the Trial Court as well as the High

Court is liable to be set aside. However, there shall be liberty to the Trial Court to consider the request for arraigning additional accused afresh, and in accordance with law."

प्रकरण में संबंधित न्यायालय द्वारा उपरोक्त आक्षेपित आदेश पारित करते हुए अनुसंधान अधिकारी द्वारा याचीगण/अभियुक्तगण के संदर्भ में क्या निष्कर्ष निकाला गया है, उन तथ्यों पर विचार नहीं किया गया है, साथ ही साक्षीगण जो न्यायालय के समक्ष परीक्षित हुए हैं, उनके प्रतिपरीक्षण को नहीं देखा है।

अतः ऐसी स्थिति में उपरोक्त आक्षेपित आदेश इस दिशानिर्देश के साथ अपास्त किया जाता है कि संबंधित न्यायालय उपलब्ध सामग्री, जिसके अंतर्गत अनुसंधान अधिकारी द्वारा दिए गए निष्कर्ष हैं, उनको दृष्टिगत रखते हुए तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ द्वारा प्रतिपादित उपरोक्त सिद्धांतों व न्यायिक दृष्टांत Neelam Yadav v. State of U.P. & Anr. (उपरोक्त) को दृष्टिगत रखते हुए पुनः नवीन सिरे से धारा 319 दंड प्रक्रिया संहिता के प्रार्थना पत्र पर विचार करे।

संबंधित न्यायालय इस संदर्भ में इस आदेश की प्रति प्राप्त होने से 1 माह के अंतर्गत परिवादी पक्ष एवं अभियोजन पक्ष को सुनकर उपरोक्त न्यायिक दृष्टांतों को दृष्टिगत रखते हुए आदेश पारित करे।

उक्त एकलपीठ आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाएं उपरोक्त अनुसार निस्तारित की जाती है एवं प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र, यदि कोई लंबित हों, उक्त याचिकाओं के साथ निस्तारित किए जाते हैं।

आदेश की एक प्रति संबंधित न्यायालय को अविलम्ब प्रेषित की जावे।

(PRAVEER BHATNAGAR),J

MOHIT/ D-A 11-12